# U.P. Higher Judicial Service (Main) Examination-2018
## (Part-III)
### Law-I (Substantive Law) / विधि (मौलिक विधि)

**Time – 3 Hours** **Markes - 200**

1. Write short notes on any two of the following:
निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये
(a) Tribunals under Part XIV-A of the Constitution of India.
भारत के संविधान के भाग 14-ए के अन्तर्गत अधिकरण ।
(b) The Scheduled and Tribal Areas under Part X of the Constitution of India.
भारत के संविधान के भाग 10 के अन्तर्गत अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र ।
(c) The Co-operative Societies under Part IX-B of the Constitution of India.
भारत के संविधान के भाग 9-ब के अन्तर्गत सहकारी सोसाइटियाँ।
[16]

2. Explain the concept of equality under Part III of the Constitution of India by "giving reference of all the leading judgments rendered by Hon'ble Supreme Court relating to the issue concerned.
भारत के संविधान के भाग 3 के अन्तर्गत समानता की अवधारणा को इस विषय के सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये समस्त प्रमुख निर्णयों का सन्दर्भ देते हुये स्पष्ट कीजिये ।
[8]

3. Explain the circumstances in which 9th Schedule was added to the Constitution of India by the Constitution (First Amendment) Act, 1951.
उन परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिये जिनके अन्तर्गत संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 द्वारा भारत के संविधान में नवीं अनुसूची को जोडा गया था ।
[8]

4. Answer the following:
निम्नलिखित का उत्तर दीजिये :
(a) Discuss the provisions relating to language of the Supreme Court of India and High Courts as prescribed under the Constitution of India.
भारत के संविधान के अन्तर्गत विहित भारत के उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की भाषा के सम्बन्ध में उपबंधों की विवेचना कीजिये ।
[6]
(b) Discuss the power available to the High Court to transfer of certain cases pending before a Court subordinate to High Court.
उच्च न्यायालय के अधीनस्थ किसी न्यायालय के समक्ष लम्बित कुछ मामलों का अंतरण करने के लिये उच्च न्यायालय को प्राप्त शक्ति की विवेचना कीजिये।
[6]
(c) Introduce the powers of the President of India for appointment of a Commission to investigate the conditions of backward classes and also the authority available to such Commission under the Constitution of India.
पिछड़े वर्गों की दशाओं के अन्वेषण के लिए आयोग की नियुक्ति हेतु भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों और साथ ही ऐसे आयोग को प्राप्त प्राधिकार का उल्लेख कीजिये।
[6]

5. 'A' is an owner of a factory producing umbrella. He intends to sale the same. Though the production capacity of the factory is to manufacture 400 umbrellas per day, 'A', by misrepresentation, leads 'B' erroneously to believe that the factory is in production of 500 umbrellas per day. 'B' examines the accounts of the factory which is in consonance to its actual production capacity. 'B' buys the factory and subsequently desires to get the contract set aside by alleging it voidable on account of 'A's' misrepresentation.
Discuss the proposition aforesaid in the light of the applicable provisions of the Indian Contract Act, 1872.
'A' छाता बनाने वाले एक कारखाने का स्वामी है। वह उस कारखाने का विक्रय करना चाहता है । यद्यपि कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 400 छाते बनाने की है, 'A' दुर्व्यपदेशन द्वारा 'B' को गलत विश्वास कराता है कि कारखाने में 500 छाते प्रतिदिन बनाये जाते हैं। 'B' कारखाने के लेखाओं की पड़ताल करता है जो कि इसकी वास्तविक उत्पादन क्षमता के अनुरूप है 'B' कारखाने को खरीद लेता है और तत्पश्चात् इस संविदा को 'A' के दुर्व्यपदेशन के कारण शून्यकरणीय होने का अभिकथन करते हुए अपास्त कराना चाहता है।
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के लागू होने वाले उपबन्धों के आलोक में उपरोक्त प्रतिपादना की विवेचना कीजिए।
[8]

6. Discuss the terms 'bailment', 'bailor' and 'bailee' as defined under the Indian Contract Act, 1872.
भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत यथापरिभाषित 'उपनिधान', 'उपनिधाता और 'उपनिहिती शब्दों की विवेचना कीजिए ।



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

[4]

7. Discuss the rights of indemnity-holder when sued.
क्षतिपूर्तिधारी पर बाद लाये जाने पर उसके अधिकारों की विवेचना कीजिए ।

[4]

8. ‘A’ agrees to let his five years old son to hire to ‘B’ to work in a carpet factory. Whether such agreement shall be enforceable by law? Answer with reasons.
‘A’ अपने पाँच वर्षीय पुत्र को एक कालीन कारखाने में काम करने के लिए ‘B’ को भाड़े पर देने के लिए करार करता है। क्या ऐसा करार विधि द्वारा प्रवर्तनीय होगा? कारणों सहित उत्तर दीजिये।

[4]

9. Discuss the relations of partners to one another as prescribed under Chapter III of the Indian Partnership Act, 1932.
भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 के अध्याय 3 के अन्तर्गत यथा विहित भागीदारों के एक दूसरे के प्रति सम्बन्धों की विवेचना कीजिये ।

[8]

10. Discuss the powers available to Registrar of Firms in relation to rectification of mistakes.
भूलों का परिशोधन के सम्बन्ध में फर्मों के रजिस्ट्रार को प्राप्त शक्तियों की विवेचना कीजिये।

[2]

11. Answer the following:
निम्नलिखित के उत्तर दीजिए

[2]

(a) What do you understand by the term "easement" under the Indian Easement Act, 1882 ?
भारतीय सुखाचार अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत "सुखाचार" शब्द से आप क्या समझते हैं ?

(b) Whether the following shall be an easement:
क्या निम्नलिखित एक सुखाचार होगा:

(i) 'A' dedicates to the public the right to occupy the surface of certain land for the purpose of passing and re-passing.
'A' आने-जाने के प्रयोजन के लिए किसी भूमि की सतह पर जनता को अधिभोग का अधिकार प्रदान करता है ।

(ii) 'A', as the owner of certain house, has the right to go on his neighbour's land, and to take water for the purposes of his household out of a underground water spring therein.
'A' को किसी गृह के स्वामी की हैसियत से अपने पड़ोसी की भूमि पर जाने का और उसमें स्थित भूमिगत झरने से अपनी गृहस्थी के प्रयोजनों के लिए जल लेने का अधिकार है।

[3]

12. Answer the following:
निम्नलिखित का उत्तर दीजिये :

(a) Write a detailed note with all relevant illustrations relating to the provisions for extinction of easement by unity of ownership.
स्वामित्व की एकता से सुखाचार के निर्वापन हेतु उपबंधों से सम्बन्धित सभी सुसंगत दृष्टान्तों सहित एक विस्तृत टिप्पणी लिखिये ।

[6]

(b) Discuss the provisions relating to extinction of easement by non-enjoyment.
अनुपभोग द्वारा सुखाचार के निर्वाचन से सम्बन्धित उपबंधों की विवेचना कीजिये ।

[6]

13. Discuss the provisions relating to transfer for benefit of unborn person with illustration as prescribed under the Transfer of Property Act, 1882.
सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम 1882 के अन्तर्गत यथा विहित दृष्टान्त सहित अजन्मा व्यक्ति के लाभ के लिये अन्तरण से सम्बन्धित उपबंधों की विवेचना कीजिये ।

[6]

14. Discuss the provisions relating to appointment of receiver under the Transfer / of Property Act, 1882.
सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत रिसीवर की नियुक्ति से सम्बन्धित प्रावधानों की विवेचना कीजिये

[6]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

15. 'A' mortgages to 'B' a certain field bordering on a river. The field is increased by alluvion. Whether 'B' is entitled to increase for his security?
'A' नदी के किनारे वाला कोई खेत 'B' के पास बन्धक रखता है। वह खेत जलोढ से बढ़ जाता है। क्या 'B' अपनी प्रतिभूति के लिए अभिवृद्धि करने का हकदार है?

[6]

16. 'A' mortgages a part of plot of building land to 'B' and subsequently erects a house thereon. Whether 'B' is entitled to the house as well as the plot for the purposes of his security?
'A' निर्माण भूमि के भूखंड का कोई भाग 'B' के पास बन्धक रखता है, और तत्पश्चात् उस पर एक गृह खड़ा करता है। क्या 'B' अपनी प्रतिभूति के प्रयोजनों के लिए भूखंड का तथा गृह का हकदार है ?

[4]

17. Discuss the following terms as referred under the Indian Trust Act, 1882:
भारतीय न्यास विधि 1882 के अन्तर्गत यथा संदर्भित निम्नलिखित शब्दों की विवेचना कीजिये :
(a) Breach of Trust
न्यास का भंग
(b) Lawful purpose
विधिपूर्ण प्रयोजन
© Creation of trust
न्यास का सृजन
(d) Subject of Trust
न्यास का विषय

[12]

18. Discuss the law relating to extinction and revocation of a trust created under the Indian Trust Act, 1882.
भारतीय न्यास अधिनियम 1882 के अन्तर्गत किसी न्यास के निर्वापन एवं प्रतिसंहरण से सम्बन्धित विधि की विवेचना कीजिये।

[6]

19. Discuss the amendments introduced in the Specific Relief Act, 1963 by the Specific Relief (Amendment) Act, 2018.
विनिर्दिष्ट अनुतोष (संशोधन) अधिनियम, 2018 द्वारा विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 में किये गये संशोधनों की विवेचना कीजिये।

[12]

20. Discuss the provisions relating to divorce by mutual consent and alternative relief in divorce proceeding as prescribed under the Hindu Marriage Act, 1955.
हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के अन्तर्गत यथा विहित पारस्परिक सम्मति द्वारा विवाह विच्छेद और विवाह विच्छेद कार्यवाहियों में वैकल्पिक अनुतोष से सम्बन्धित उपबंधों की विवेचना कीजिये।

[8]

21. Write a short note on devolution of interest in coparcenary property as prescribed under the Hindu Succession Act, 1956.
हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत यथा विहित सहदायिकी सम्पत्ति में हित का न्यागमन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

[8]

22. Discuss the provisions relating to maintenance of wife and maintenance of widowed daughter-in-law as prescribed under the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956.
हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत यथा विहित पत्नी का भरण-पोषण एवं विधवा पुत्र- वधू का भरण-पोषण से सम्बन्धित प्रावधानों की विवेचना कीजिये।

[10]

23. Discuss the rule of absolute liability with special reference to the judgment of Hon'ble Supreme Court in M.C. Mehta Versus Union of India reported in A.I.R. 1987 S.C. 1086.
ए.आई. आर. 1987 एस. सी. 1086 में रिपोर्ट किये गये एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ में माननीय उच्चतम न्यायालय के विशेष संदर्भ सहित आत्यंतिक दायित्व के नियम की विवेचना कीजिये।

[10]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India *(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

24. Discuss the law relating to order for payment of maintenance to a muslim woman as per provisions of the Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act, 1986.
मुस्लिम स्त्री (विवाह विच्छेद पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 1986 के उपबन्धों के अनुसार किसी मुस्लिम स्त्री हेतु भरण-पोषण के संदाय के लिये आदेश से सम्बन्धित विधि की विवेचना कीजिये ।

[10]


Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)